जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बन्धित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

ग्राम : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : (0751) 2341896
(0751) 2442829
फैक्स : (0751) 2341768

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर
क्रमांक : एफ/संबद्धता/2012/5233 दिनांक : 07/09/12
स्मरण पत्र
प्रति,

प्राचार्य,
बी.एड. महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर

विषयः– महाविद्यालय की जानकारी प्रस्तुत करने बावत्।
संदर्भ :– पत्र क्रमांक एफ/सम्ब./2010/3087 दिनांक 28.04.2011 के तारतम्य में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार विश्वविद्यालयीन पत्र क्रमांक 3087 दिनांक 28.04.2011 द्वारा सूचित किया गया था कि, आपके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम से संबंधित समय सारिणी एवं शिक्षकों के नाम डी.सी.डी.सी. कार्यालय में प्रस्तुत करें एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उपस्थित पत्रक प्रति माह 15 तारीख तक डी.सी.डी.सी. कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। परन्तु महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त कार्यवाही नहीं की जा रही है।

अतः निर्देशानुसार पुनः सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त चाही गई जानकारी दिनांक 10 सितम्बर 2012 तक डी.सी.डी.सी. कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उपस्थिति पत्रक की प्राचार्य द्वारा सत्यापित प्रति प्रतिमाह 15 तारीख तक अति-आवश्यक रूप से डी.सी.डी.सी. कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने की व्यवस्था करें।

यदि उपरोक्त जानकारी समयावधि में प्राप्त नहीं होती है तो परिनियम 27 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी, महाविद्यालय की परीक्षाऐं नहीं कराई जावेंगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

भवदीय
कुलसचिव